# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796

भीम BhIM भारत इंटीग्रेशन मिशन


**क्रमांक प.14(171)RSSB/अर्थना/ICDS(WCD)/पर्य.(महिला)/सीधी भर्ती/2025** **दिनांकः–यथा हस्ताक्षर**

## –:: कार्यालय आदेश ::–

## पर्यवेक्षक (महिला) सीधी भर्ती–2026

बोर्ड द्वारा पर्यवेक्षक (महिला) सीधी भर्ती–2026 के 72 पदों हेतु दिनांक 06.01.2026 एवं संशोधित विज्ञप्ति दिनांक 03.02.2026 को जारी कर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये है। उक्त पदों पर बोर्ड द्वारा दिनांक 24.07.2026 को परीक्षा आयोजित करवाई गई है।

बोर्ड द्वारा जारी विस्तृत विज्ञापन संख्या 02/2026 दिनांक 06.01.2026 के अनुसार ऑनलाईन आवेदन पत्र के संशोधन हेतु अंतिम अवसर परीक्षा आयोजन के लगभग 01 माह पूर्व 07 दिवस हेतु प्रदान किया जाना था। जिसे बोर्ड द्वारा जारी विज्ञप्ति राजकाज संख्या 22817229 दिनांक 15.06.2026 के द्वारा प्रतिस्थापित कर **ऑनलाईन आवेदन में संशोधन करने हेतु दिनांक 31.07.2026 से दिनांक 06.08.2026 को 23.59 बजे तक अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है।** अभ्यर्थी अपने ऑनलाईन आवेदन में स्वयं का नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, स्वयं का फोटोग्राफ, हस्ताक्षर व हस्तलिपि नमूना तथा शैक्षणिक योग्यता के अलावा शेष प्रविशिष्टियों में निर्धारित रू. 300/– का शुल्क ऑनलाईन भुगतान कर उक्त अवधि में संशोधन कर सकेंगे।

उक्त समय सीमा के पश्चात् किसी भी स्थिति में बोर्ड द्वारा कोई संशोधन नहीं किया जावेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। आवेदन में संशोधन हेतु बोर्ड द्वारा कोई भी ऑफलाईन प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।

नोटः– अभ्यर्थी अपना ऑनलाइन आवेदन पत्र को पुनः ध्यान से देख लेवें। विशेषकर श्रेणी, उप श्रेणी, वैवाहिक स्थिति, टीएसपी क्षेत्र, इत्यादि में त्रुटि रहने से परीक्षा परिणाम पर प्रतिकूल प्रभाव होते है। अतः अभ्यर्थी इस दौरान आवश्यक संशोधन कर लेवें। इसके पश्चात् कोई अवसर नही दिया जावेगा।

**सचिव**

**क्रमांक प.14(171)RSSB/अर्थना/ICDS(WCD)/पर्य.(महिला)/सीधी भर्ती/2025** **दिनांकः–यथा हस्ताक्षर**

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. प्रभारी अधिकारी आईटी अनुभाग RSSB को भेज कर लेख है कि उक्त सूचना बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड करवाऐं।

**सचिव**

Signature Not Verified

Digitally Signed by Preeti Mathur
Designation : Secretary
Date :27-07-2026 05:52:28

RajKaj Ref No.: 23625014